Series Q5QPS/5

Set – 3

प्रश्न-पत्र कोड
Q.P. Code **67/5/3**

अनुक्रमांक
Roll No.

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।
Candidates must write the Q.P. Code on the title page of the answer-book.

- *कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **31** हैं ।*
- *कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **34** प्रश्न हैं ।*
- *प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।*
- ***कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।***
- *इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक परीक्षार्थी केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।*

- *Please check that this question paper contains **31** printed pages.*
- *Please check that this question paper contains **34** questions.*
- *Q.P. Code given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.*
- ***Please write down the serial number of the question in the answer-book before attempting it.***
- *15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the candidates will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.*

# लेखाशास्त्र
# ACCOUNTANCY

*निर्धारित समय : **3** घण्टे* | *अधिकतम अंक : **80***

*Time allowed : **3** hours* | *Maximum Marks : **80***

**सामान्य निर्देश :**

**निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका सख़्ती से पालन कीजिए :**

*(1)* *इस प्रश्न-पत्र में **34** प्रश्न हैं । **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं ।*

*(2)* *यह प्रश्न-पत्र **दो** भागों में विभाजित है : **भाग – क** तथा **भाग – ख** ।*

*(3)* ***भाग – क** सभी परीक्षार्थियों के लिए **अनिवार्य** है ।*

*(4)* ***भाग – ख** में **दो** विकल्प हैं अर्थात् – (I) वित्तीय विवरणों का विश्लेषण तथा (II) अभिकलित्र लेखांकन । परीक्षार्थियों को **भाग – ख** में चयनित विषय के अनुसार केवल **एक** ही विकल्प के प्रश्नों के उत्तर लिखने हैं ।*

*(5)* *प्रश्न संख्या **1** से **16** तथा **27** से **30** **एक-एक** अंक के प्रश्न हैं ।*

*(6)* *प्रश्न संख्या **17** से **20** तक तथा **31** एवं **32** लघु उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न **तीन** अंकों का है ।*

*(7)* *प्रश्न संख्या **21, 22** तथा **33** दीर्घ उत्तरीय प्रकार-I के प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न **चार** अंकों का है ।*

*(8)* *प्रश्न संख्या **23** से **26** तक तथा **34** दीर्घ उत्तरीय प्रकार-**II** के प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न **छः** अंकों का है ।*

*(9)* *प्रश्न-पत्र में समग्र विकल्प नहीं दिया गया है । यद्यपि, **एक** अंक के **7** प्रश्नों में, **तीन** अंकों के **2** प्रश्नों में, **चार** अंकों के **1** प्रश्न में तथा **छः** अंकों के **2** प्रश्नों में आंतरिक विकल्प का चयन दिया गया है ।*

**General Instructions :**

**Read the following instructions carefully and strictly follow them :**

*(1)* *This question paper contains* ***34*** *questions.* ***All*** *questions are compulsory.*

*(2)* *This question paper is divided into* **two** *Parts :* ***Part – A*** *and* ***Part – B****.*

*(3)* ***Part – A*** *is* **compulsory** *for all candidates.*

*(4)* ***Part – B*** *has* **two** *options i.e. (I) Analysis of Financial Statements and (II) Computerised Accounting. Candidates must attempt only* **one** *of the given options as per the subject opted in Part – B.*

*(5)* *Question numbers* ***1*** *to* ***16*** *and* ***27*** *to* ***30*** *carry* ***1*** *mark each.*

*(6)* *Question numbers* ***17*** *to* ***20, 31*** *and* ***32*** *are short answer type questions. Each carries* ***3*** *marks.*

*(7)* *Question numbers* ***21, 22*** *and* ***33*** *are long answer type-I questions. Each carries* ***4*** *marks.*

*(8)* *Question numbers* ***23*** *to* ***26*** *and* ***34*** *are long answer type-II questions. Each carries* ***6*** *marks.*

*(9)* *There is no overall choice. However, an internal choice has been provided in* ***7*** *questions of* **one** *mark,* ***2*** *questions of* **three** *marks,* ***1*** *question of* **four** *marks and* ***2*** *questions of* **six** *marks.*

## भाग – क

## (साझेदारी फर्मों तथा कम्पनियों के लिए लेखांकन)

1. (a) रिद्धिमा तथा कविता साझेदार थीं तथा 3 : 2 के अनुपात में लाभ–हानि बाँटती थीं । उनकी स्थायी पूँजी क्रमशः ₹ 1,50,000 तथा ₹ 2,00,000 थी । साझेदारी संलेख में पूँजी पर 8% वार्षिक दर से ब्याज का प्रावधान है । 31 मार्च, 2023 को समाप्त होने वाले वर्ष के लिए फ़र्म का शुद्ध लाभ ₹ 21,000 था । रिद्धिमा तथा कविता के पूँजी खातों में जमा की जाने वाली पूँजी पर ब्याज की राशि होगी :

   (A) क्रमशः ₹ 12,000 तथा ₹ 16,000 (B) क्रमशः ₹ 10,500 तथा ₹ 10,500

   (C) क्रमशः ₹ 9,000 तथा ₹ 12,000 (D) क्रमशः ₹ 16,000 तथा ₹ 5,000 1

अथवा

   (b) रुचिका तथा हर्षिता एक फ़र्म की साझेदार थीं । रुचिका ने वर्ष के दौरान प्रत्येक तिमाही के अन्त में ₹ 9,000 का आहरण किया । 6% वार्षिक दर से रुचिका के आहरण पर प्रभारित किया जाने वाला ब्याज होगा :

   (A) ₹ 540 (B) ₹ 2,160

   (C) ₹ 1,080 (D) ₹ 810 1

2. **अभिकथन (A) :** प्रतिभूति प्रीमियम का उपयोग स्थायी परिसम्पत्तियों की बिक्री पर होने वाली हानि को अपलिखित करने के लिए नहीं किया जा सकता है ।

   **कारण (R) :** प्रतिभूति प्रीमियम का उपयोग केवल कम्पनी अधिनियम, 2013 में दिए गए उद्देश्यों के लिए ही किया जा सकता है ।

   निम्नलिखित में से सही विकल्प का चयन कीजिए :

   (A) अभिकथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं परन्तु कारण (R), अभिकथन (A) का सही कारण नहीं है ।

   (B) अभिकथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), अभिकथन (A) का सही कारण है ।

   (C) अभिकथन (A) तथा कारण (R) दोनों असत्य हैं ।

   (D) अभिकथन (A) असत्य है, परन्तु कारण (R) सत्य है । 1

3. केवल लिमिटेड ने गणपति लिमिटेड की ₹ 28,60,000 की विविध परिसम्पत्तियों का क्रय किया । भुगतान ₹ 100 प्रत्येक के पूर्ण प्रदत्त अंशों/शेयरों के 10% प्रीमियम पर निर्गमित करके किया गया । गणपति लिमिटेड को निर्गमित किए गए अंशों/शेयरों की संख्या थी :

   (A) 28,000 (B) 31,778

   (C) 28,600 (D) 26,000 1

4. (a) आरव लिमिटेड ने ₹ 100 प्रत्येक के 10,000, 9% ऋणपत्रों का निर्गमन 5% प्रीमियम पर किया, इनका शोधन 10% प्रीमियम पर करना था । ऋणपत्र निर्गमन हानि खाते के नामपक्ष में खतौनी की जायेगी :

   (A) ₹ 10,00,000 (B) ₹ 1,00,000

   (C) ₹ 1,50,000 (D) ₹ 1,05,000 1

अथवा

## PART – A

### (Accounting for Partnership Firms and Companies)

1. (a) Ridhima and Kavita were partners sharing profits and losses in the ratio of 3 : 2. Their fixed capitals were ₹ 1,50,000 and ₹ 2,00,000 respectively. The partnership deed provides for interest on capital @ 8% p.a. The net profit of the firm for the year ended 31st March, 2023 amounted to ₹ 21,000. The amount of interest on capital credited to the capital accounts of Ridhima and Kavita will be :

   (A) ₹ 12,000 and ₹ 16,000 respectively.

   (B) ₹ 10,500 and ₹ 10,500 respectively.

   (C) ₹ 9,000 and ₹ 12,000 respectively.

   (D) ₹ 16,000 and ₹ 5,000 respectively. **1**

**OR**

   (b) Ruchika and Harshita were partners in a firm. Ruchika had withdrawn ₹ 9,000 at the end of each quarter, throughout the year. The interest to be charged on Ruchika's drawings at 6% p.a. will be :

   (A) ₹ 540 (B) ₹ 2,160

   (C) ₹ 1,080 (D) ₹ 810 **1**

2. **Assertion (A) :** Securities Premium cannot be utilized for writing off loss on sale of a fixed asset.

   **Reason (R) :** Securities Premium can be applied only for the purposes mentioned in the Companies Act, 2013.

   Choose the correct option from the following :

   (A) Both Assertion (A) and Reason (R) are true, but Reason (R) is not the correct reason of Assertion (A).

   (B) Both Assertion (A) and Reason (R) are true and Reason (R) is the correct reason of Assertion (A).

   (C) Both Assertion (A) and Reason (R) are false.

   (D) Assertion (A) is false, but Reason (R) is true. **1**

3. Kewal Ltd. purchased sundry assets from Ganpati Ltd. for ₹ 28,60,000. The amount was paid by issuing fully paid shares of ₹ 100 each issued at a premium of 10%. The number of shares issued to Ganpati Ltd. were :

   (A) 28,000 (B) 31,778

   (C) 28,600 (D) 26,000 **1**

4. (a) Aarav Ltd. issued 10,000, 9% debentures of ₹ 100 each at a premium of 5%, redeemable at a premium of 10%. Loss on issue of debentures account will be debited by :

   (A) ₹ 10,00,000 (B) ₹ 1,00,000

   (C) ₹ 1,50,000 (D) ₹ 1,05,000 **1**

**OR**

(b) डव लिमिटेड ने ₹ 100 प्रत्येक के 8,000, 11% ऋणपत्रों का 5% प्रीमियम पर निर्गमन किया । एक वर्ष के लिए ऋणपत्रों पर ब्याज की कुल राशि होगी :

(A) ₹ 80,000 (B) ₹ 92,400

(C) ₹ 88,000 (D) ₹ 880 1

निम्न काल्पनिक परिस्थिति पढ़िए तथा प्रश्न संख्या **5** तथा **6** के उत्तर दीजिए :

केशव तथा हितेश साझेदार हैं तथा 3 : 2 के अनुपात में लाभ-हानि बाँटते हैं । 31 मार्च, 2023 को ₹ 15,000 का वर्ष का लाभ बाँटने के पश्चात् उनकी पूँजी क्रमशः ₹ 55,000 तथा ₹ 45,000 थी । वर्ष के दौरान केशव का आहरण प्रति-तिमाही के आरंभ में ₹ 1,500 था तथा हितेश ने 1 नवम्बर, 2022 को ₹ 9,000 का आहरण किया ।

अंतिम खाते तैयार करने के बाद यह ज्ञात हुआ कि 5% वार्षिक दर से पूँजी पर ब्याज देने तथा 8% वार्षिक दर से आहरण पर ब्याज प्रभारित करने को ध्यान में नहीं रखा गया है ।

5. केशव की आरम्भिक पूँजी थी :

(A) ₹ 35,000 (B) ₹ 39,000

(C) ₹ 43,000 (D) ₹ 52,000 1

6. हितेश के आहरण पर प्रभारित की जाने वाली ब्याज की राशि होगी :

(A) ₹ 225 (B) ₹ 4,500

(C) ₹ 300 (D) ₹ 7,200 1

7. ईशा तथा मनीष एक फ़र्म के साझेदार थे तथा 3 : 2 के अनुपात में लाभ-हानि का विभाजन करते थे । 1 अप्रैल, 2023 से वे लाभों को बराबर-बराबर बाँटने के लिए सहमत हुए । इसी तिथि को फ़र्म की ख्याति का मूल्यांकन ₹ 3,00,000 किया गया । ख्याति खाता खोले बिना, ख्याति के लेखांकन के लिए आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टि होगी :

| Date 2023 | Particulars | Dr. Amount (₹) | Cr. Amount (₹) |
|---|---|---|---|
| (A) अप्रैल, 1 | मनीष का पूँजी खाता नाम<br>ईशा के पूँजी खाते से | 30,000 | <br>30,000 |
| (B) अप्रैल, 1 | ईशा का पूँजी खाता नाम<br>मनीष के पूँजी खाते से | 30,000 | <br>30,000 |
| (C) अप्रैल, 1 | मनीष का पूँजी खाता नाम<br>ईशा के पूँजी खाते से | 3,000 | <br>3,000 |
| (D) अप्रैल, 1 | ईशा का पूँजी खाता नाम<br>मनीष के पूँजी खाते से | 3,000 | <br>3,000 |

1

(b) Dove Ltd. issued 8,000, 11% debentures of ₹ 100 each at a premium of 5%. The total amount of interest on Debentures for one year will be :

(A) ₹ 80,000 (B) ₹ 92,400

(C) ₹ 88,000 (D) ₹ 880 **1**

Read the following hypothetical situation and answer question numbers **5** and **6** :

Keshav and Hitesh are partners sharing profits and losses in the ratio of 3 : 2. On 31st March, 2023 after division of profit of ₹ 15,000, their capitals were ₹ 55,000 and ₹ 45,000 respectively. During the year Keshav's drawings were ₹ 1,500 at the beginning of each quarter and Hitesh withdrew ₹ 9,000 on 1st November, 2022.

After the final accounts have been prepared, it was discovered that interest on capital @ 5% p.a. and interest on drawings @ 8% p.a. have not been taken into consideration.

5. Opening capital of Keshav was :

(A) ₹ 35,000 (B) ₹ 39,000

(C) ₹ 43,000 (D) ₹ 52,000 **1**

6. Amount of interest to be charged on Hitesh's drawings will be :

(A) ₹ 225 (B) ₹ 4,500

(C) ₹ 300 (D) ₹ 7,200 **1**

7. Isha and Manish were partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 3 : 2. With effect from 1st April, 2023, they agreed to share profits equally. On this date the goodwill of the firm was valued at ₹ 3,00,000. The necessary journal entry for the treatment of goodwill without opening Goodwill Account will be :

| **Date 2023** | **Particulars** | **Dr. Amount (₹)** | **Cr. Amount (₹)** |
|---|---|---|---|
| (A) April, 1 | Manish's Capital A/c. Dr.<br>To Isha's Capital A/c. | 30,000 | <br>30,000 |
| (B) April, 1 | Isha's Capital A/c. Dr.<br>To Manish's Capital A/c. | 30,000 | <br>30,000 |
| (C) April, 1 | Manish's Capital A/c. Dr.<br>To Isha's Capital A/c. | 3,000 | <br>3,000 |
| (D) April, 1 | Isha's Capital A/c. Dr.<br>To Manish's Capital A/c. | 3,000 | <br>3,000 |

**1**

8. माही, रूही तथा गिनि एक फ़र्म की साझेदार हैं तथा 6 : 4 : 1 के अनुपात में लाभ–हानि बाँटती हैं । माही ने गिनि को ₹ 50,000 लाभ की गारंटी दी है । 31 मार्च, 2023 को समाप्त हुए वर्ष के लिए शुद्ध लाभ ₹ 1,10,000 था । गिनि को गारंटी की राशि देने के बाद फ़र्म के लाभ में माही का भाग होगा :

(A) ₹ 20,000 (B) ₹ 60,000
(C) ₹ 40,000 (D) ₹ 10,000 **1**

9. सरिता लिमिटेड ने रमेश को निर्गमित ₹ 10 प्रत्येक के 100 अंशों/शेयरों का, जिन्हें ₹ 2 प्रति अंश/शेयर के प्रीमियम पर निर्गमित किया गया था तथा जिन पर ₹ 8 माँगे गए थे, ₹ 5 प्रति अंश/शेयर (प्रीमियम सहित) की आबंटन राशि का भुगतान नहीं करने पर हरण (forfeit) कर लिया । ₹ 2 प्रति अंश/शेयर की प्रथम एवं अंतिम याचना माँगी नहीं गई थी । इनमें से 70 अंशों/शेयरों का अशोक को ₹ 10 प्रति अंश/शेयर पर, ₹ 8 याचित के बदले पुनःनिर्गमन कर दिया गया । पुनःनिर्गमन पर हुआ अधिलाभ था :

(A) ₹ 500 (B) ₹ 400
(C) ₹ 350 (D) ₹ 300 **1**

10. **अभिकथन (A) :** साझेदारी फ़र्म में साझेदारों की निजी सम्पत्ति का उपयोग फ़र्म के ऋणों का भुगतान करने के लिए किया जा सकता है ।

**कारण (R) :** फ़र्म के कार्यों के लिए साझेदारों की देयता सीमित होती है ।

निम्नलिखित में से सही विकल्प का चयन कीजिए :

(A) दोनों अभिकथन (A) और कारण (R) सत्य हैं तथा कारण (R), अभिकथन (A) का सही वर्णन है ।

(B) दोनों अभिकथन (A) तथा कारण (R) सत्य हैं परन्तु कारण (R), अभिकथन (A) का सही वर्णन नहीं है ।

(C) अभिकथन (A) असत्य है, परन्तु कारण (R) सत्य है ।

(D) अभिकथन (A) सत्य है, परन्तु कारण (R) असत्य है । **1**

11. (a) अदिति, सुकृति तथा नीति साझेदार थीं तथा 2 : 2 : 1 के अनुपात में लाभ बाँटती थीं । 30 जून, 2023 को सुकृति की मृत्यु हो गई । 31 मार्च, 2023 को समाप्त हुए वर्ष का शुद्ध लाभ ₹ 4,50,000 था । यदि मृत साझेदार के लाभ के भाग की गणना पिछले वर्ष के लाभ के आधार पर की जाए, तो सुकृति के पूँजी खाते में जमा की जाने वाली लाभ की राशि होगी :

(A) ₹ 90,000 (B) ₹ 45,000
(C) ₹ 1,80,000 (D) ₹ 1,12,500 **1**

**अथवा**

(b) एक साझेदार पवन को फ़र्म के विघटन की प्रक्रिया पर ध्यान रखने के लिए नियुक्त किया गया । जिसके लिए उसे ₹ 75,000 के पारिश्रमिक की अनुमति दी गई । पवन विघटन व्ययों को वहन करने के लिए सहमत हो गया । पवन द्वारा ₹ 60,000 के वास्तविक विघटन व्ययों का भुगतान किया गया । पवन के पूँजी खाते में जमा किए जाएँगे :

(A) ₹ 75,000 (B) ₹ 60,000
(C) ₹ 15,000 (D) ₹ 10,000 **1**

8. Mahi, Ruhi and Ginni are partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 6 : 4 : 1. Mahi guaranteed a profit of ₹ 50,000 to Ginni. Net profit for the year ending 31st March, 2023 was ₹ 1,10,000. Mahi's share in the profit of the firm after giving guaranteed amount to Ginni will be :

(A) ₹ 20,000 (B) ₹ 60,000

(C) ₹ 40,000 (D) ₹ 10,000 **1**

9. Sarita Ltd. forfeited 100 shares of ₹ 10 each, ₹ 8 called up issued at a premium of ₹ 2 per share to Ramesh for non-payment of allotment money of ₹ 5 per share (including premium). The first and final call of ₹ 2 per share was not made. Out of these 70 shares were reissued to Ashok as ₹ 8 called up for ₹ 10 per share. The gain on reissue will be :

(A) ₹ 500 (B) ₹ 400

(C) ₹ 350 (D) ₹ 300 **1**

10. **Assertion (A) :** In partnership firm, the private assets of the partners can also be used to pay off the firm's debts.

**Reason (R) :** The liability of the partners for acts of the firm is limited.

Choose the correct option from the following :

(A) Both Assertion (A) and Reason (R) are true and Reason (R) is the correct explanation of Assertion (A).

(B) Both Assertion (A) and Reason (R) are true, but Reason (R) is not the correct explanation of Assertion (A).

(C) Assertion (A) is false, but Reason (R) is true.

(D) Assertion (A) is true, but Reason (R) is false. **1**

11. (a) Aditi, Sukriti and Niti were partners sharing profits in the ratio of 2 : 2 : 1. Sukriti died on 30th June, 2023. Net profit for the year ended 31st March, 2023 was ₹ 4,50,000. If the deceased partner's share of profit is to be calculated on the basis of previous year's profit, the amount of profit credited to Sukriti's Capital Account will be :

(A) ₹ 90,000 (B) ₹ 45,000

(C) ₹ 1,80,000 (D) ₹ 1,12,500 **1**

**OR**

(b) Pawan, a partner was appointed to look after the process of dissolution of firm for which he was allowed a remuneration of ₹ 75,000. Pawan agreed to bear the dissolution expenses. Actual dissolution expenses ₹ 60,000 were paid by Pawan. Pawan's capital account will be credited by :

(A) ₹ 75,000 (B) ₹ 60,000

(C) ₹ 15,000 (D) ₹ 10,000 **1**

12. एक साझेदारी फ़र्म के 45 साझेदार हैं । यह साझेदारी में 7 और साझेदारों को प्रवेश देना चाहती है । कम्पनी अधिनियम, 2013 के अनुसार केवल _________ और साझेदारों को फ़र्म में प्रवेश दिया जा सकता है ।

(A) 1 (B) 6

(C) 5 (D) 3 **1**

13. (a) कृति, हिना तथा निधि साझेदार थीं तथा 3 : 2 : 1 के अनुपात में लाभ बाँटती थीं । निधि सेवानिवृत्त हो गई । उसकी सेवानिवृत्ति की तिथि पर, फ़र्म के स्थिति विवरण में कर्मचारी क्षतिपूर्ति कोष ₹ 1,50,000 था । कर्मचारी क्षतिपूर्ति दावा ₹ 1,20,000 था । निधि के पूँजी खाते में कर्मचारी क्षतिपूर्ति कोष की कितनी राशि जमा की जायेगी ?

(A) ₹ 30,000 (B) ₹ 10,000

(C) ₹ 5,000 (D) ₹ 15,000 **1**

**अथवा**

(b) रोहित, उदित तथा मोहित एक फ़र्म के साझेदार थे तथा 3 : 2 : 1 के अनुपात में लाभों का विभाजन करते थे । मोहित सेवानिवृत्त हो गया । संचयों तथा परिसम्पत्तियों एवं देयताओं के पुनर्मूल्यांकन के लिए आवश्यक समायोजनों को करने के पश्चात् उसके पूँजी खाते में ₹ 1,80,000 का शेष था । रोहित और उदित उसके दावे के पूर्ण भुगतान में उसे ₹ 2,00,000 का भुगतान करने के लिए सहमत हो गए । फ़र्म की ख्याति में मोहित का भाग था :

(A) ₹ 1,80,000 (B) ₹ 2,00,000

(C) ₹ 40,000 (D) ₹ 20,000 **1**

14. क, ख तथा ग एक फ़र्म के साझेदार थे तथा $\frac{1}{2}:\frac{1}{3}:\frac{1}{4}$ के अनुपात में लाभ-हानि बाँटते थे । फ़र्म में $\frac{1}{6}$ भाग के लिए घ को प्रवेश दिया गया । ग अपने मूल भाग को बनाए रखेगा । नया लाभ विभाजन अनुपात होगा :

(A) 12 : 8 : 5 : 5 (B) 21 : 14 : 18 : 12

(C) 21 : 14 : 15 : 10 (D) 2 : 2 : 1 : 1 **1**

15. (a) यदि हरण (Forfeit) किए गए सभी अंशों/शेयरों का पुनःनिर्गमन कर दिया गया है, अंश/शेयर हरण खाते (Forfeited account) में यदि कोई शेष बाकी है तो उसे हस्तांतरित किया जाता है :

(A) सामान्य संचय खाते में (B) प्रतिभूति प्रीमियम खाते में

(C) पूँजी संचय खाते में (D) लाभ-हानि विवरण में **1**

**अथवा**

(b) राघव लिमिटेड ने ₹ 10 प्रत्येक के 100 अंशों/शेयरों का, जिनका निर्गमन 20% प्रीमियम पर किया गया था, ₹ 3 प्रति अंश/शेयर की प्रथम याचना तथा ₹ 1 प्रति अंश/शेयर की अंतिम याचना का भुगतान नहीं करने पर हरण (Forfeit) कर लिया । न्यूनतम मूल्य प्रति अंश/शेयर जिस पर इन अंशों/शेयरों का पुनःनिर्गमन किया जा सकता है, होगा :

(A) ₹ 4 (B) ₹ 6

(C) ₹ 8 (D) ₹ 10 **1**

12. A partnership firm has 45 partners. It wants to admit 7 more partners into partnership. Only ______ more partners can be admitted in the partnership firm according to Companies Act, 2013.

(A) 1 (B) 6
(C) 5 (D) 3 **1**

13. (a) Kriti, Hina and Nidhi were partners sharing profits in the ratio of 3 : 2 : 1. Nidhi retired. On the date of her retirement, Workmen Compensation Fund stood in the Balance Sheet at ₹ 1,50,000. Workmen Compensation Claim was ₹ 1,20,000. How much amount of Workmen Compensation Fund will be credited to Nidhi's Capital Account ?

(A) ₹ 30,000 (B) ₹ 10,000
(C) ₹ 5,000 (D) ₹ 15,000 **1**

**OR**

(b) Rohit, Udit and Mohit were partners in a firm sharing profits in the ratio of 3 : 2 : 1. Mohit retired. The balance in his capital account after making the necessary adjustments on account of reserves and revaluation of assets and liabilities was ₹ 1,80,000. Rohit and Udit agreed to pay him ₹ 2,00,000 in full settlement of his claim. Mohit's share of goodwill in the firm was

(A) ₹ 1,80,000 (B) ₹ 2,00,000
(C) ₹ 40,000 (D) ₹ 20,000 **1**

14. A, B and C were partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of $\frac{1}{2} : \frac{1}{3} : \frac{1}{4}$. D was admitted in the firm for $\frac{1}{6}^{\text{th}}$ share. C would retain his original share. The new profit sharing ratio will be :

(A) 12 : 8 : 5 : 5 (B) 21 : 14 : 18 : 12
(C) 21 : 14 : 15 : 10 (D) 2 : 2 : 1 : 1 **1**

15. (a) If all the forfeited shares are reissued, the balance, if any, left in the Forfeited Shares Account is transferred to :

(A) General Reserve Account
(B) Securities Premium Account
(C) Capital Reserve Account
(D) Statement of Profit and Loss **1**

**OR**

(b) Raghav Ltd. forfeited 100 shares of ₹ 10 each issued at a premium of 20% for non-payment of first call of ₹ 3 per share and final call of ₹ 1 per share. The minimum price per share at which these shares can be reissued will be :

(A) ₹ 4 (B) ₹ 6
(C) ₹ 8 (D) ₹ 10 **1**

16. एक साझेदारी फ़र्म के विघटन पर यदि एक साझेदार की ओर से फ़र्म द्वारा वसूली व्ययों का भुगतान किया जाता है, तो ऐसे व्ययों को निम्नलिखित में से किस खाते में नाम किया जाएगा :

(A) वसूली खाता
(B) साझेदार का पूँजी खाता
(C) साझेदार का ऋण खाता
(D) बैंक खाता **1**

17. अनवी, वानी तथा करण एक फ़र्म में साझेदार थे तथा 2 : 2 : 1 के अनुपात में लाभों का विभाजन करते थे । उनकी स्थायी पूँजी क्रमशः ₹ 4,00,000, ₹ 5,00,000 तथा ₹ 6,00,000 थी । 31 मार्च, 2023 को समाप्त होने वाले वर्ष में साझेदारों के पूँजी खातों में पूँजी पर ब्याज 10% प्रति वर्ष की बजाय 6% प्रति वर्ष की दर से जमा किया गया ।

आवश्यक समायोजन रोज़नामचा प्रविष्टि कीजिए । **3**

18. (a) महेश, रमेश तथा नरेश एक फ़र्म के साझेदार थे तथा 5 : 3 : 2 के अनुपात में लाभ बाँटते थे । 1 अप्रैल, 2023 से उन्होंने लाभों को बराबर-बराबर बाँटने का निर्णय लिया । उस तिथि को सामान्य संचय में ₹ 3,60,000 का शेष था तथा लाभ-हानि खाते में ₹ 1,80,000 का नाम शेष था । उपरोक्त के लिए लाभ विभाजन अनुपात में परिवर्तन के कारण एक समायोजन प्रविष्टि कीजिए । **3**

**अथवा**

(b) रवि, गुरु, मणि तथा सोनू एक फ़र्म के साझेदार थे तथा 2 : 2 : 2 : 1 के अनुपात में लाभ बाँटते थे । 31 जनवरी, 2023 को सोनू सेवानिवृत्त हो गया । सोनू की सेवानिवृत्ति पर फ़र्म की ख्याति का मूल्यांकन ₹ 1,40,000 किया गया । रवि, गुरु तथा मणि के बीच 5 : 1 : 1 के नए लाभ विभाजन अनुपात की सहमति हुई ।

अपने कार्य को स्पष्टता से दर्शाते हुए, फ़र्म की पुस्तकों में ख्याति खाता खोले बिना ख्याति के लेखांकन की आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टि कीजिए । **3**

19. (a) छवि लिमिटेड ने नीओ लिमिटेड से मशीनरी का क्रय किया । यह सहमति हुई कि क्रय प्रतिफल का भुगतान ₹ 10 प्रत्येक के 10,000 समता अंशों को 10% प्रीमियम पर तथा ₹ 50,000 का बैंक ड्राफ्ट निर्गमित करके किया जाएगा ।

छवि लिमिटेड की पुस्तकों में उपरोक्त लेन-देनों के लिए आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए । **3**

**अथवा**

(b) 1 अक्टूबर, 2022 को निन्ज़ा लिमिटेड ने ₹ 100 प्रत्येक के 4,000, 8% ऋणपत्रों का निर्गमन 10% बट्टे पर किया । इसी तिथि को कम्पनी के प्रतिभूति प्रीमियम खाते में ₹ 50,000 का शेष था ।

ऋणपत्रों के निर्गमन तथा ऋणपत्रों के निर्गमन पर बट्टे की राशि को अपलिखित करने के लिए आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए । **3**

16. On dissolution of a partnership firm, if realisation expenses are paid by the firm on behalf of a partner, then such expenses are debited to which of the following account :

(A) Realisation Account (B) Partner's Capital Account

(C) Partner's Loan Account (D) Bank Account **1**

17. Anvi, Vani and Karan were partners in a firm sharing profits in the ratio of 2 : 2 : 1. Their fixed capitals were ₹ 4,00,000, ₹ 5,00,000 and ₹ 6,00,000 respectively. For the year ended 31st March, 2023, interest on capital was credited to the partners capital accounts @ 6% p.a. instead of 10% p.a.

Pass the necessary adjusting Journal entry. **3**

18. (a) Mahesh, Ramesh and Naresh were partners in a firm sharing profits in the ratio of 5 : 3 : 2. From 1st April, 2023, they decided to share profits equally. On that date, there was a balance of ₹ 3,60,000 in General Reserve and a debit balance of ₹ 1,80,000 in the Profit and Loss Account. Pass single adjustment Journal entry for the above on account of change in the profit sharing ratio. **3**

**OR**

(b) Ravi, Guru, Mani and Sonu were partners in a firm sharing profits in the ratio of the 2 : 2 : 2 : 1. On 31st January, 2023, Sonu retired. On Sonu's retirement the Goodwill of the firm was valued at ₹ 1,40,000. The new profit sharing ratio among Ravi, Guru and Mani was agreed as 5 : 1 : 1. Showing your workings clearly, pass necessary Journal entry for the treatment of Goodwill in the books of the firm on Sonu's retirement without opening goodwill account. **3**

19. (a) Chavi Ltd. purchased machinery from Neo Ltd. It was agreed that the purchase consideration will be paid by issuing 10,000 equity shares of ₹ 10 each at a premium of 10% and a bank draft of ₹ 50,000.

Pass the necessary Journal entries in the books of Chavi Ltd. for the above transactions. **3**

**OR**

(b) On 1st October, 2022 Ninza Ltd. issued 4,000, 8% Debentures of ₹ 100 each at a discount of 10%. The company had a balance of ₹ 50,000 in Securities Premium Account on the same date.

Pass necessary Journal entries for issue of debentures and to write off discount on issue of debentures. **3**

20. माइरा तथा श्रेया एक फर्म में साझेदार थीं । पिछले कुछ वर्षों से वह ₹ 2,00,000 का औसत लाभ अर्जित कर रही थीं । इसी प्रकार के व्यवसाय में प्रतिफल की सामान्य दर 10% है । व्यवसाय की परिसम्पत्तियों एवं देयताओं का मूल्य क्रमशः ₹ 18,00,000 तथा ₹ 3,00,000 था । अधिलाभ विधि द्वारा फ़र्म की ख्याति के मूल्य की गणना कीजिए, यदि इसका मूल्यांकन अधिलाभों के तीन वर्षों के क्रय के आधार पर किया जाता है । 3

21. 1 अप्रैल, 2023 को ₹ 10 प्रत्येक के 2,00,000 समता अंशों/शेयरों में विभक्त ₹ 20,00,000 की अधिकृत पूँजी के साथ ख्याति लिमिटेड का गठन किया गया । कम्पनी ने 1,80,000 समता अंशों/शेयरों के निर्गमन के लिए आवेदन आमंत्रित किए । कम्पनी को 1,70,000 समता अंशों/शेयरों के लिए आवेदन प्राप्त हुए । प्रथम वर्ष में ₹ 8 प्रति अंश/शेयर माँगे गए तथा ₹ 2 प्रति अंश/शेयर की अंतिम याचना अभी माँगी नहीं गई । 2,000 अंशों/शेयरों की धारक सिया तथा 4,000 अंशों/शेयरों की धारक पिया ने ₹ 2 प्रति अंश/शेयर की प्रथम याचना का भुगतान नहीं किया । प्रथम याचना के पश्चात् सिया तथा पिया के सभी अंशों/शेयरों का हरण (forfeit) कर लिया गया ।

कम्पनी अधिनियम, 2013 की अनुसूची-III, भाग-I के अनुसार, अंश/शेयर पूँजी को ख्याति लिमिटेड के स्थिति विवरण में प्रस्तुत कीजिए तथा 'खातों के नोट्स' भी तैयार कीजिए । 4

22. माधव, राघव तथा पूर्व एक फ़र्म में साझेदार थे तथा 3 : 1 : 1 के अनुपात में लाभ–हानि का विभाजन करते थे । 31 मार्च, 2023 को उनका स्थिति विवरण निम्न प्रकार था :

**31 मार्च, 2023 को माधव, राघव तथा पूर्व का स्थिति विवरण**

| देयताएँ | | राशि (₹) | परिसम्पत्तियाँ | राशि (₹) |
|---|---|---|---|---|
| लेनदार | | 1,00,000 | बैंक | 20,000 |
| सामान्य संचय | | 50,000 | स्टॉक | 1,10,000 |
| पूँजी : | | | विनियोग | 70,000 |
| माधव | 60,000 | | फर्नीचर | 35,000 |
| राघव | 1,00,000 | | भवन | 1,15,000 |
| पूर्व | 40,000 | 2,00,000 | | |
| | | **3,50,000** | | **3,50,000** |

30 सितम्बर, 2023 को पूर्व की मृत्यु हो गई । साझेदारी संलेख के अनुसार उसके कानूनी उत्तराधिकारी निम्नलिखित के अधिकारी होंगे :

(i) उसके पूँजी खाते का शेष ।

(ii) लाभ में मृत्यु की तिथि तक उसका भाग, जिसकी गणना पिछले वर्ष के लाभ के आधार पर की जाएगी ।

(iii) ख्याति में उसका भाग, जिसकी गणना पिछले चार वर्षों के औसत लाभ के तीन वर्षों के क्रय के आधार पर की जाएगी ।

(iv) 12% प्रति वर्ष की दर से पूँजी पर ब्याज ।

पूर्व का लाभ में भाग ₹ 3,000 था तथा पिछले चार वर्षों का औसत लाभ ₹ 50,000 था । मृत्यु की तिथि तक पूर्व का आहरण ₹ 10,000 था ।

पूर्व के कानूनी उत्तराधिकारियों को प्रस्तुत करने के लिए पूर्व का पूँजी खाता तैयार कीजिए । 4

20. Maira and Shreya were partners in a firm. They earned an average profit of ₹ 2,00,000 during the last few years. The normal rate of profit in the similar type of business is 10%. The value of assets and liabilities of the business were ₹ 18,00,000 and ₹ 3,00,000 respectively. Calculate the value of goodwill of the firm by super profit method if it is valued at 3 years purchase of super profit. **3**

21. On 1st April 2023, Khyati Ltd. was formed with an authorised capital of ₹ 20,00,000 divided into 2,00,000 equity shares of ₹ 10 each. The company invited applications for issuing 1,80,000 equity shares. The company received applications for 1,70,000 equity shares. During the first year, ₹ 8 per share were called and final call of ₹ 2 per share has not been made yet. Siya holding 2,000 shares and Piya holding 4,000 shares did not pay the first call of ₹ 2 per share. All the shares of Siya and Piya were forfeited after the first call.

Present the share capital in the Balance Sheet of Khyati Ltd. as per Schedule III, Part I of Companies Act, 2013 and also prepare 'Notes to Accounts' for the same. 4

22. Madhav, Raghav and Purav were partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 3 : 1 : 1. Their Balance Sheet as at 31st March, 2023 was as follows :

**Balance Sheet of Madhav, Raghav and Purav as at 31st March, 2023**

| Liabilities | | Amount (₹) | Assets | Amount (₹) |
|---|---|---|---|---|
| Creditors | | 1,00,000 | Bank | 20,000 |
| General Reserve | | 50,000 | Stock | 1,10,000 |
| Capitals : | | | Investment | 70,000 |
| Madhav | 60,000 | | Furniture | 35,000 |
| Raghav | 1,00,000 | | Building | 1,15,000 |
| Purav | 40,000 | 2,00,000 | | |
| | | **3,50,000** | | **3,50,000** |

Purav died on 30th September, 2023. According to Partnership deed, his legal representatives are entitled to the following :

(i) Balance in his Capital Account.

(ii) Share of profit upto the date of death to be calculated on the basis of last year's profit.

(iii) Share of goodwill calculated on the basis of three years purchase of average profits of last four years.

(iv) Interest on capital @ 12% p.a.

Purav's share of profit was ₹ 3,000 and the average profit of last four years were ₹ 50,000. Purav's drawings upto the date of death were ₹ 10,000.

Prepare Purav's Capital Account to be rendered to his legal representatives. 4

23. (a) अर्नव, भावी तथा छवि साझेदार थे तथा 3 : 2 : 1 के अनुपात में लाभ-हानि बाँटते थे । 31 मार्च, 2023 को उनका स्थिति विवरण निम्न प्रकार था :

**31 मार्च, 2023 को अर्नव, भावी तथा छवि का स्थिति विवरण**

| देयताएँ | | राशि (₹) | परिसम्पत्तियाँ | | राशि (₹) |
|---|---|---|---|---|---|
| पूँजी : | | | संयंत्र एवं मशीनरी | | 3,00,000 |
| अर्नव | 1,80,000 | | फर्नीचर | | 20,000 |
| भावी | 1,60,000 | | देनदार | 3,50,000 | |
| छवि | 1,00,000 | 4,40,000 | घटा : संदिग्ध ऋणों के | | |
| लेनदार | | 2,50,000 | लिए प्रावधान | 20,000 | 3,30,000 |
